डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 300 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 14 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया




### सालों से चली आ रही समस्या, हर समय दुर्घटना की रहती है आशंका...

## नौसीखियों के हाथों में ट्रैक्टर-ट्रॉली की स्टेयरिंग

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में सुगम यातायात के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में हो रहे ओवरलोड परिवहन व तेज गति से दौड़ाए जा रहे पानी के टैंकर मुसीबत बने हुए है। खासतौर पर रेत, ईंट, सरिये के साथ ही ऊपर तक ट्रॉली में उपज लेकर आ रहे नौसीखिया ट्रैक्टर चालकों के कारण लोग छुटपुट दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं। यातायात पुलिस सहित संबंधित थानों की पुलिस भी सालों से चल रही इस समस्या पर न तो कोई रोक लगा पाई है और न ही समस्या का समाधान ढूंढ पाई है।

अनियंत्रित गति से शहर के अभिनंदन नगर, श्रीकोल्ड तिराहा, लक्ष्मीबाई चौराहा, खानपुरा, बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, रामटेकरी, रेवास देवड़ा मार्ग सहित अन्य सड़कों पर रोजाना लोग छूटपुट दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। शहर के सीतामऊ फाटक, संजीत फाटक, गुराड़ियां देदा सहित अन्य सडक़ों पर ग्रामीण क्षेत्र से व रेत लाने वाले ट्रैक्टर चालक फर्राटे भरते हैं। लोगों को परेशान करने के साथ ही शहर के यातायात व्यवस्था को भी अस्त-व्यस्त कर रहे हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस औपचारिक तौर पर इनके खिलाफ कार्रवाई तो जरूर करती है लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पा रही है।

**इसलिए हो रही है दुर्घटनाएं**–सड़क सुरक्षा समिति की लगभग सभी बैठकों में निर्णय लिया जाता है कि शहर में ट्रैक्टर व टैंकरों को दिन में प्रवेश नहीं दिया जाएं, लेकिन निर्णय का पालन नहीं हो रहा है। इसलिए यह समस्या बनी हुई है और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शहर में प्रवेश करने के बाद भी ट्रैक्टर व टैंकरों पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

**दुर्घटना की वजह बन रहे ट्रैंक्टर व टैंकर**– ✻ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ट्रैक्टर चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। वे गति का भी ध्यान नहीं रखते हैं। ✻ चंबल नदी से रेत लाने वाले ट्रैक्टर पुलिस व खनिज विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए तेज गति से ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं। ✻ तेज गति से ट्रॉली व टैंकर लेकर चल रहे ट्रैक्टर चालक समय पर ब्रेक नहीं लगा पाते हैं। इस वजह से ड्राइवर भी चाहे तो वह ट्रैक्टर नहीं रोक पाते हैं।

### इन स्थानों पर मुसीबत बन रहे ट्रैक्टर व टैंकर

✻ सबसे अधिक यातायात का दबाव नयापुरा रोड, घंटाघर, सदर बाजार, धानमंडी पर है। इन मार्गों पर ट्रैक्टर व टैंकर आने के बाद ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है।

✻ कृषि उपज मंडी व सीतामऊ फाटक पर लाभमुनि अस्पताल के बाहर सड़क पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ट्रैक्टर इधर-उधर खड़े कर देते हैं। इस वजह से आना-जाना प्रभावित होता है। अक्सर यहां जाम की स्थिति बन जाती है।

✻ कृषि उपज मंडी में उपज बेचने व शहर में खरीदारी के लिए आने वाले ग्रामीण भी ट्रैक्टर लेकर आ रहे हैं। यहां पर भी कई बार जाम लगता है इसके बाद बाजार में जाने पर भी यही स्थिति बनती है।

### कई अशासकीय भवनों में भी आकाशीय बिजली गिरने से बचाव के नहीं है उपाय...

# कितनी इमारतों में तड़ित चालक लगे, बेखबर नौकरशाह!




### दिन प्रतिदिन तन रही है शहर में तीन मंजिला से भी बड़ी ईमारतें, खतरे में जान

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर का विकास होने के साथ ही इसकी भौगोलिक कायालपट भी होती चली आई है। वर्तमान में शहर में कई ईमारतें तन रही है अथवा कई ईमारतें बन चुकी है। ये सभी ईमारतें तीन मंजिल अथवा चार मंजिला या इससे अधिक की भी है। यही नहीं कई स्कूल भी ऐसे हैं, जो तीन-चार मंजिला होकर तने हुए हैं। साथ ही सरकारी भवन भी हैं, जिनके कार्यालय ऊंची इमारतों में संचालित हैं। सुशासन भवन भी बड़ा और कई मंजिला भवन है। इन सभी भवनों में सुरक्षा के लिहाज से यानी आसमानी आफत से बचाव के लिए तड़ित चालक लगाए जाने जरूरी है। इस संबंध में जब नियमों की जानकारी संबंधी पड़ताल की गई तो कई अधिकारी ऐसे भी मिले, जिन्हें तड़ित चालक लगाने के नियमों का अता-पता नहीं है। दूसरी ओर नगर पालिका अथवा नगरीय निकाय से ऊंची ईमारतों की अनुमति मिलती है, साथ ही इसकी अनुमति टीएंडसीपी नीमच से मिलती है। लेकिन, कितनों को अनुमति दी गई अथवा कितनों को इसका पालन कराया गया है, रिकॉर्ड ही नहीं दिखता है। मजेदार बात तो यह है कि इस संबंध में नौकरशाह भी बेखबर है। उधर, बड़ी इमारतों में आगजनी की घटना मंदसौर शहर में हो चुकी है, लेकिन बारिश का मौसम दो महीने तो रहता आया है। इसी दौरान आसमानी आफत आकाशीय बिजली गिरने का डर रहता है। हालांकि, अभी तक ऐसी कोई आपदा घटित नहीं हुई है, जिससे परेशानी हो। यह सब अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथजी की कृपा से है। लेकिन, आकाशीय बिजली को समाप्त करने संबंधी यंत्र यानी तड़ित चालक को सख्ती से लगवाने के नियम से नौकरशाहों की बेखबरी आश्चर्य का विषय है।

शहर सहित जिले में जहां-जहां ऊंचे भवन है, वहां पर तड़ित चालक लगाना जरुरी है, यह सुरक्षा के मापदंड में है। जब मंदसौर कलेक्टोरेट भवन में कुछ नौकरशाहों से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्हें इसके नियमों की जानकारी नहीं रही। कुछ ने यह भी बताया कि यह सेल्फ सिस्टम के तहत है, यानी बड़ी ईमारत है तो स्वेच्छा से संबंधित मालिक लगा लें। लेकिन, इसमें नियम जरूर बने होंगे, जिनसे अधिकांश अनजान हैं। बताते हैं कि एक तड़ित चालक यंत्र लगाने में 25 से 30 हजार रूपए का खर्च आता है, इस खर्च को बचाने के चक्कर में बारिश के मौसम में इंसानों की जान खतरे में बनी हुई है।

**निजी स्कूलों की बड़ी ईमारतें, सुरक्षा मापदंड खतरे में नहीं**–निजी स्कूल संचालकों ने बड़ी-बड़ी ईमारतें तान दी है। लेकिन बगैर सुरक्षा के विद्यार्थियों की जान जोखिम में बनी हुई है। प्रदेश में भारी बारिश के चलते मंदसौर जिले में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी, वहीं कुछ दिन बाद फिर से वर्षा की चेतावनी देखने को मिल रहा है। स्कूल भी जुलाई माह से सुचारू चलायमान हो जाते हैं। जुलाई और अगस्त माह ही ऐसा है, जिस दौरान बाशि होती है और आकाशीय बिजली भी कड़कती है अथवा गिरने की भी सूचनाएं आती है। ऐसी स्थिति में कितने स्कूलों में तड़ित चालक यंत्र लगा है, यह देखने वाला भी कोई नहीं है।

**तलाई वाले बालाजी में तड़ित चालक पुराना होने से हाल ही में लगाया है नया**–शहर के पशुपतिनाथ मंदिर, बड़े बालाजी मंदिर, नालछा माता मंदिर, तलाई वाले बालाजी मंदिर सहित अधिकांश मंदिरों में गुंबद बनाते समय ही तड़ित चालक लगा दिया गया है। यह व्यवस्था बड़े अस्पताल में भी है। ये वे स्थान हैं, जहां भवन बनाने से पूर्व सभी ने जागरुकता का परिचय तड़ित चालक यंत्र की व्यवस्था करवाई है। तलाई वाले बालाजी मंदिर में हाल ही में तड़ित चालक यंत्र पुराना होने से नया लगवा दिया गया है।

**बस स्टैंड की होटल में आकाशीय बिजली से झूलसने की हो चुकी है घटना**–बता दें कि सात-आठ वर्ष पूर्व राजस्थान के कोटा शहर के निवासी कुछ छात्र मंदसौर शहर में परीक्षा देने आए थे। तब वे नेहरु बस स्टैंड स्थित एक होटल में रुके थे। यहां बिजली गिरने से एक युवक झूलस गया था। बड़े अस्पताल में ईलाज के बाद युवक ठीक हुआ था। बता दें कि यह बात इसलिए जरुरी है कि बस स्टैंड क्षेत्र में होटलों में भी तड़ित चालक यंत्र लगाया गया है कि नहीं इस संबंध में भी नौकरशाह बेखबर हैं। ऐसे में होटल में ठहरने वाले ग्राहकों की जान बरसात के मौसम में किसी खतरे से खाली नहीं है।

**इनका कहना**–इस संबंध में नगर पालिका के कार्यपालन यंत्री पीएस धार्वे को कई बार फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने मोबाईल रिसीव नहीं किया।

### ईमारत निर्माण की अनुमति देते हैं नपा के होनहार...

बता दें कि भवन निर्माण की अनुमति लेने के समय संबंधित अधिकारी व इंजीनियर को सरकारी नियम-कायदों की पूरी जानकारी रखनी होती है। तब ही किसी भवन के निर्माण की अनुमति जारी की जाती है। भवन निर्माण अनुमति की शर्तों में एक का भी उल्लंघन होने पर जुर्माना सहित कई सजा के प्रावधान है। बावजूद इसके जिस अधिकारी ने निर्माण की अनुमति दी है, उसके द्वारा भवन की ओके रिपोर्ट कैसे तैयार की है। यह बात भी विचारणीय है और गंभीर मसला भी है, क्योंकि यहां बात आमजन की सुरक्षा की है।

### कोई जनहानि नहीं, निर्माण में तकनीकी खामी के चलते हुआ हादसा...

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर भवन भरभराकर गिरा

**मनासा, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायसिंहपुरा के ग्राम खेमपुरा में सोमवार शाम को एक हादसा हो गया। यहां नवनिर्मित हनुमान मंदिर अचानक पूरी तरह से भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में मंदिर में विराजित हनुमान जी की प्रतिमा भी खंडित हो गई।**

दरअसल ग्राम खेमपुरा में ग्रामीणों ने करीब 11 लाख के जन सहयोग से प्राचीन हनुमान मंदिर का मंदिर जीर्णोद्धार करवाया था। करीब एक हजार स्कवायर फीट में नवनिर्मित मंदिर पूरी तरह बनकर तैयार भी हो गया था। हालांकि मन्दिर परिसर में कुछ फिनिशिंग का कार्य अभी भी बाकी था। उससे पहले ही यह हादसा हो गया। मंदिर निर्माण मथुरा से मंगाए लाल पत्थरों पर नक्काशीदार कलाकृति से किया गया था। वहीं मामले पर मन्दिर जीर्णोद्धार समिति ओर ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने और तकनीकी खामी रखने की वजह से यह हादसा हो गया। गनीमत यह रही कि मंदिर मे उस वक्त कोई मौजूद नहीं था। वरना किसी के हताहत होने की भी संभावना थी। बताया जा रहा है कि मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद से शुभ मुहूर्त नहीं होने से अभी मंदिर में पूजा पाठ बन्द था। हालांकि हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। वहीं प्रतिमा खंडित होने की वजह से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही से उनकी धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई है। साथ ही निर्माण कार्य में खर्च किया पैसा भी व्यर्थ गया है, दोबारा निर्माण कार्य में खर्च और बढ़ जाएगा।

### प्रभार मिलने के बाद नेताओं की राजनीतिक सफर की ट्रेन उतरी पटरी से...

# इतिहास : मंदसौर-नीमच के प्रभारी मंत्री बनते ही नेताओं की किस्मत रुठी...

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। आखिरकार जिलों में प्रभारी मंत्री की घोषणा कर दी गई। मंदसौर-नीमच जिले में निर्मला भूरिया को प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वैसे मंदसौर के ढाई दशक के इतिहास की बात करें तो 26 साल में मंदसौर के प्रभारी मंत्री बने आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं की किस्मत ही रुठ सी गई। नेताओं को लगातार हार का सामना करना पड़ा तो कईयों के राजीतिक सफर की ट्रेन पटरी से ही उतर गई। सूची में राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, हुकुमसिंह कराड़ा, दीपक जोशी, अर्चना चिटनिस, रुस्तमसिंह से लेकर नरेंद्र नाहटा, सुभाष सोजतिया** तक के नाम हैं।

**रुस्तमसिंह : दो साल बाद बसपा नेता से हारे**–साल 2006 में रुस्तमसिंह जिला प्रभारी मंत्री बने। 2 साल बाद 2008 के चुनाव में वे मुरैना विधानसभा से बसपा के पारसराम मुद्गल से हार गए। इनका राजनीतिक कॅरियर फिर पटरी पर नहीं आ सका।

**नरेंद्र नाहटा : उसके बाद जीत का स्वाद तक नहीं चख पाए**–दिग्विजयसिंह सरकार में 10 साल कैबिनेट संभालने के दौरान नरेंद्र नाहटा नीमच की मनासा से विधायक थे। वे 1998 में जीत के बाद कुछ माह मंदसौर जिले के प्रभारी मंत्री भी रहे। इसके बाद कभी जीत का स्वाद नहीं चख पाए।

**सुभाष सोजतिया : उसके बाद लगातार 4 विस हार चुके**–दिग्विजयसिंह शासन के दौरान मार्च 2000 में सुभाष सोजतिया मंदसौर के प्रभारी मंत्री बने। कुछ समय पद संभाला। इसके बाद 2003, 2013, 2015 के उपचुनाव, 2018 और 2023 जैसे 5 विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। बीच में 2008 में वे जीतने में सफल रहे थे, राजेश यादव को हराया था।

**अर्चना चिटनीस : हार का सामना, नहीं बन पाई मंत्री**–2013 चुनाव के बाद शिवराज सरकार की कैबिनेट में रही अर्चना चिटनीस मंदसौर की प्रभारी मंत्री भी बनीं। अगले चुनाव 2018 में वे बुरहानपुर सीट से हार गई। 2023 में जीती जरूर लेकिन वे मंत्री नहीं बन पाई।

**दीपक जोशी : उसके बाद मझधार में फंसे**–पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी 2016-17 में शिवराज सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री होकर मंदसौर के प्रभारी मंत्री थे। 2018 में वे कांग्रेस के मनोज चौधरी से हार गए। 2023 में वे कांग्रेस में आए और फिर से हारे।

**राजवर्धनसिंह दत्तीगांव : 2976 मतों से हारे**–विधानसभा 2023 से पहले तक मंदसौर के जिला प्रभारी मंत्री रहे सिंधिया समर्थक राजवर्धनसिंह दत्तीगांव बदनावर विधानसभा में 2976 मतों से हार गए। उनको कांग्रेस के भंवरसिंह शेखावत ने हराया।

**हुकुमसिंह कराड़ा : 2023 में शाजापुर में 28 मतों से हार गए**–कमलनाथ सरकार में 2018 से 2020 तक मंदसौर-नीमच जिले के प्रभारी मंत्री रहे हुकुमसिंह कराड़ा शाजापुर सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव 28 मतों से हार गए। उनको भाजपा के अरुण भीमावत ने हराया। इस बार कराड़ा विधानसभा नहीं जा सके।

### डेमू ट्रेन में मंदसौर के व्यक्ति का शव मिला

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** डेमू ट्रेन में मंगलवार को मंदसौर के व्यक्ति का शव मिला है। ट्रेन रतलाम से अंबेडकर नगर तक पहुंची थी, तब वहां शव मिलने की जानकारी सामने आई।

बताते हैं कि किसी यात्री को लघुशंका करना था। ऐसे में ट्रेन के टॉयलेट का दरवाजा खटखटाने के बाद खोला गया तो शव मिला। मृतक मंदसौर शहर की कुमावत धर्मशाला के सामने रहता है, जिसका नाम अनिल कुमार पिता शांतिलाल भाटी है। माना जा रहा है कि संभवतः हार्ट अटैक से अनिल की मृत्यु हुई है। रेलवे पुलिस रतलाम ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

**दो दिन बाद था जन्मदिन**–बता दें कि रामटेकरी क्षेत्र में कुमावत धर्मशाला के सामने रहने वाले मृतक अनिल का जन्मदिन दो दिन बाद था। आधार कार्ड में 15 अगस्त को ही उनका जन्म दिन लिखा था। ऐसे में ट्रेन में सफर के दौरान मृत्यु होने से परिजन भी गमगीन हैं। मृतक अनिल ड्रायवरी का काम करता था।

### किराएदार को पीटा, 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। बाड़ा खाली करने के विवाद में किराएदार से मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। घाटी मोहल्ला, नारायणगढ़ निवासी रामलाल पिता रामचन्द्र माली ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने गाय बांधने के लिए मुकेश पिता गोपाल गिर से बाडा किराए पर लिया था, जिसका किराया हर साल देता हूं।**

लेकिन बीती रात्रि मुकेश, उसके दोनों बेटे अंतिम व कुन्दन, संतोषबाई पति कुन्दन आए और बाड़ा खाली करने की बोला। मैंने एडवांस राशि देने व समय पूरा होने पर खाली करने की बात कही तो चारों ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरु कर दी। सभी ने मेरे बेटे सूरज को भी पीटा व सिर पर ईट की मारी, जिससे चोंटे आई। बीच-बचाव करने आई मेरी बेटी सीमा के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

### कीचड़ से सनी सड़कें, आने-जाने में हो रही परेशानी...

## एक्सप्रेस वे: बारिश में किसानों की बढ़ी समस्या

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम और मंदसौर से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे से आवागमन सुगम हुआ है। लेकिन, दोनों साइडों पर समानांतर सडक़ नहीं बनाने से बारिश में किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। यह परेशानी रतलाम और मंदसौर जिले के कई किसान झेल रहे हैं। बारिश में कीचड़ हो गया है और किसानों को आने-जाने में दिक्कत आ रही है। खरीफ फसल का सीजन चल रहा है। किसानों को खेतों में खाद और कीटनाशक की जरूरत है। इसे ले जाने में परेशानी आ रही है। बड़े वाहन तो आ-जा भी नहीं पा रहे। ये स्थिति तब है जब एक्सप्रेस-वे बन रहा था तो कुछ गांवों के किसानों ने समानांतर रोड बनाने के लिए चक्काजाम कर दिया था और निर्माण में लगे वाहनों को रोक दिया था। इसके बाद किसानों को समझाने एनएचआईए के अफसर गांवों में पहुंचे थे और समानांतर सड़क बनाने का आश्वासन दिया था।

**रतलाम प्रशासन ने भेजा था प्रस्ताव**–एक्सप्रेस वे मंदसौर के अलावा रतलाम जिले से भी गुजर रहा है। रतलाम जिला प्रशासन ने किसानों की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनवरी 2022 में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के समानांतर कच्ची सड़कें बनाने भू-अर्जन करने के लिए 25.95 करोड़ रुपए का प्रस्ताव प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को भेजा था। इसमें इस एक्सप्रेस-वे की दोनों साइड 3-3 मीटर रोड बनाने की योजना थी। रतलाम कलेक्टर की ओर से भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि जिले के अंतर्गत दिल्ली मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। इस कारण स्थानीय किसानों को अपने खेतों तक आने-जाने में समस्या हो रही है।

### दूसरी बार महिला मंत्री को मिली मंदसौर-नीमच जिले के प्रभारी मंत्री की कमान...

# प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया फहराएंगी मंदसौर में तिरंगा

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर और नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया को बनाया गया है।



देर रात्रि में जारी हुई सूची के बाद मंदसौर जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पर झंडावंदन कौन करेगा, यह भी स्पष्ट हो गया है। 15 अगस्त को सुबह तय समय पर प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिरया तिरंगा फहराएंगी, साथ ही मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी करेंगी। बता दें कि पूर्व में अर्चना चिटनिस मंदसौर की प्रभारी मंत्री रह चुकीं हैं। इस तरह यह दूसरी बार मौका आया है कि कोई महिला मंत्री मंदसौर और नीमच जिले की प्रभारी मंत्री बनाई गई हैं। दोनों लंदन की यात्रा कर चुकीं है। वर्तमान में निर्मला भूरिया को मंदसौर-नीमच जिले का प्रभार सौंपा गया है, जिनके पास महिला एवं बाल विकास विभाग है। निर्मला भूरिया के प्रभारी मंत्री बनने के बाद मंदसौर और नीमच जिले में प्रशासनिक कसावट में भी नई तरह की ऊर्जा आने की संभावना है।

### महिला कलेक्टर की नियुक्ति के बाद प्रभारी मंत्री भी महिला...

दो दशक बाद मंदसौर में महिला कलेक्टर बनीं है। इसके पूर्व एम. गीता मंदसौर कलेक्टर रहीं थी। यह पहला मौका है कि जब कोई कलेक्टर भी महिला है और प्रभारी मंत्री भी महिला हैं। सात वर्ष पूर्व प्रभारी मंत्री अर्चना चिटनिस रहीं थी। ऐसे में महिला कलेक्टर भी दूसरी बार हैं और महिला प्रभारी मंत्री भी दूसरी बार हैं। ऐसे में प्रशासनिक खेमे के निर्धारण में इन दोनों महिलाओं की भूमिका रहेगी। उधर, पूर्व से ही मंदसौर जिले से उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा हैं। लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता हैं। राज्य सभा सांसद बंशीलाल गुर्जर हैं।

### आज आएंगे नवागत पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद...

बताते हैं कि नवागत पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद के आज बुधवार को मंदसौर आने की संभावना है। सुबह कार्यालयीन समय में वे मंदसौर पुलिस महकमे के मुखिया का चार्ज ग्रहण करेंगे। अभिषेक आनंद पूर्व में श्योपुर जिले के पुलिस अधीक्षक थे, जो सोमवार को वहां से रिलीव्ह हो गए हैं। मंदसौर में आईपीएस अनुराग सुजानिया मंगलवार तक मंदसौर एसपी की भूमिका में रहे हैं, यानी उन्होंने चार्ज किसी को नहीं दिया है। ऐसे में नवागत पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद को वे चार्ज देकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में अपनी आमद देंगे।

### मंदसौर-नीमच के मध्य ट्रेन से 50 हजार से भरा पर्स चोरी

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों सूरत से जयपुर की यात्रा करने वाली एक महिला का मंदसौर और नीमच रेलमार्ग के मध्य रूपयों से भरा पर्स चोरी हुआ है। पर्स में 50 हजार रूपए और मोबाईल था। इस संबंध में नीमच जीआरपी में प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार भगवती पति सुरेश परिहार जाति माली आंधप्रदेश के हैदराबाद में रहती हैं। दोनों पति-पत्नी ट्रेन नंबर 09007 से सूरत स्टेशन से जयपुर तक रिजर्वेशन डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। रात्रि में दोनों ने भोजन किया और अपनी सीट पर सो गए। महिला भगवती ने शिकायत में बताया है कि नीमच स्टेशन आने पर उसे मालूम हुआ है कि पर्स गायब है। मंदसौर तक पर्स था। यानी मंदसौर से नीमच स्टेशन के मध्य पर्स चोरी हुआ है। दोनों जब जयपुर पहुंचे, तब उन्होंने वहां जीआरपी थाने में जीरो पर कायमी करवाई, जहां से नीमच जीआरपी तक प्रकरण पहुंचा है। अब नीमच जीआरपी पुलिस द्वारा इस संदर्भ में जांच की जा रही है।

### नियमों रख रहे ताक पर, जान डाल रहे जोखिम में...

# लाड़ली बहना के सिलेंडर की गेस से दौड़ रही बाईक!

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** लाड़ली बहना को महज साढ़े चार सौ रुपए में सिलेंडर देने की योजना सरकार ने शुरु की। इस योजना के बाद बाइक में गैस किट लगाने का काम और तेज हो गया है। पेट्रोल के बढ़े दामों के बीच लोग वाहनों में तेजी से गैस किट लगवा रहे हैं। दोपहिया वाहनों में यह अवैधानिक होने के बाद भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों में गैस किट लगाने का काम धड़ल्ले से जारी है।

घरेलू गैस से वाहन चलाने वाले लोग प्रति किमी दो से ढाई रुपए बचाने के लिए जान जोखिम में डाल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में तो लोग बाइक की गैस किट में घर पर ही रिफिलिंग कर रहे हैं तो जिला मुख्यालय सहित मल्हारगढ़, पिपलिया, गरोठ सहित अन्य क्षेत्रों में भी वाहनों में अवैध रूप से रिफिलिंग का कार्य जारी है। बाइक में गैस किट का अधिकतर उपयोग सब्जी, दूध सहित अन्य सामान बेचने वाले कर रहे हैं। इधर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की बात करें तो राशन दुकानों पर हो रहे खेल को तो नजर अंदाज किया ही जा रहा है। इधर एलपीजी के गैर घरेलू उपयोग पर भी अधिकारियों की नजर नहीं जा रही।

**यह लोग करते हैं ज्यादा उपयोग**–शहरी क्षेत्रों में रह रहे लोग गैस किट लगाकर वाहनों का उपयोग कम करते हैं। लेकिन, दोपहिया वाहनों में गैस किट लगाकर उपयोग करने वालों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है। विशेषकर सब्जी विक्रेता और दूध विक्रेता इसका उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा गांवों में चलने वाली दुपहिया वाहनों में भी गैस किट लगाकर ही चलाई जा रही है। इसका कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई चेकिंग नहीं होती।

**दोपहिया वाहनों में गैस किट लगाना अवैधानिक**–नियमानुसार जिला परिवहन विभाग में चार पहिया वाहनों में एलपीजी के कन्वर्जन के लिए कोई आवेदन करता है तो अप्रूवल देने का पॉवर विभाग के पास है। लेकिन, दोपहिया वाहनों में अवैधानिक है। यातायात पुलिस के अनुसार नियमित चेकिंग में ही 15 से 20 वाहन चालक पकड़ में आ जाते हैं। चालानी कार्रवाई भी की जाती है।

**जिले में हो चुके हादसे, एक व्यक्ति की जा चुकी है जान**–19 मई 2023 को गरोठ में खड़ावदा रोड पर घरेलू सिलेंडर से कार में अवैध रूप से एलपीजी भरते समय अचानक आग लगने से मकान सहित कार जल गई थी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। वहीं कुछ वर्ष पूर्व पीर गुराड़ियां निवासी एक व्यक्ति की बाइक में ब्लॉस्ट होने से मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार यह हादसा गैस किट के कारण हुआ था।

**एक किट लगवाने पर 3 से साढ़े 3 हजार रुपए आता है खर्च**–मैकेनिकों के अनुसार बाइक में एक किट लगवाने पर 3 से साढ़े 3 हजार रुपए का खर्च आता है। इसमें बाइक के कार्बोरेटर के साथ एक छोटा वेपोराइजर लगा दिया जाता है। इससे गैस सीधे बाइक के पिस्टन में जाकर जलती है और शक्ति पैदा करती है। किट लगाने के बाद एक व डेढ़ लीटर की टंकी बाइक की डिक्की में रखकर पाइप से जोड़ा जाता है।

**वाहन में पेट्रोल व गैस का इस तरह रहता है गणित**–पेट्रोल की वर्तमान कीमत लगभग 108 रुपए प्रति लीटर है। अधिकतर बाइक व स्कूटर 50 से 60 किमी प्रतिलीटर का एवरेज देते ही हैं। लोग एवरेज के लालच में दोपहिया वाहन में भी गैस किट लगवा लेते हैं। इसमें 86 रुपए प्रतिकिलो के मान से गैस भरी जाती है। दोपहिया वाहन एक किलो गैस में 100 किमी के आसपास का एवरेज देता है। यानी वाहन चालक 109.75 रुपए की बजाय 43 रुपए की गैस में 50 किलोमीटर वाहन चला लेते हैं। इससे उन्हें 66 रुपए की बजट होती है। इसी लालच में लोग जान जोखिम में डालकर गैस किट लगवा रहे हैं।



## जय रामजी की प्रयास सेवा समिति ने छप्पन भोग महोत्सव सम्पन्न

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। स्थानीय वरुण देव मंदिर शुक्ला चौक में स्थित सिंधी समाज के अति प्राचीन देव स्थान भगवान श्री झूलेलाल के मंदिर में चल रहे 40 दिनों के पवित्र पावन चालिया उत्सव के अंतर्गत जय रामजी की प्रयास सेवा समिति द्वारा आयोजित छप्पन भोग मे सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल की महाआरती की गई तत्पश्चात पल्लव अरदास भोग मंत्र के बाद भगवान श्री झूलेलाल को भोग अर्पित किया गया। जिसके पश्चात वहां मौजूद सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने छप्पन भोग के दर्शन का आनंद लिया एवं उसके साथ ही भोग प्रसाद का लाभ लिया।

## स्वामी श्री निर्भयरामजी महाराज की 72वीं पुण्यतिथि मनेगी

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेह सम्प्रदाय की प्रधान पीठ शाहपुरा धाम के 12वें आचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री निर्भयरामजी महाराज की 72वीं पुण्यतिथि 17 अगस्त 2024 को मनाई जाएगी। श्री निर्भय भवन रामटेकरी की प्रबंध संचालिका ज्योतिषज्ञ सुश्री लाडकुंवरजी दीदी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के पूज्य गुरूदेव स्वामी श्री निर्भयरामजी महाराज की 72वीं पुण्यतिथि 17 अगस्त 2024 शनिवार को निर्भय भवन रामद्वारा में स्वामी श्री राम निवासजी महाराज के पावन सानिध्य में मनाई जाएगी। दोप. 11 से 12 बजे के मध्य गुरूवाणी का पाठ एवं आरती पूजन व प्रसाद वितरण होगा। क्षेत्र के सभी रामस्नेही भक्तों एवं अन्य सभी श्रद्धालुजन सादर आमंत्रित है। उपरोक्त जानकारी पं. अशोक त्रिपाठी रामस्नेही ने एक प्रेस नोट में दी है।



# नपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न स्थानों पर होगा ध्वजारोहण

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मंदसौर नगर में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया जाएगा प्रात: 6.45 बजे नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा मंडी गेट पर ध्वजाहण होगा श्रीमती गुर्जर के द्वारा धान मंडी पंप हाउस पर भी प्रात: 7 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा उसके पश्चात प्रात: 7.15 बजे नगर पालिका कार्यालय भवन पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के द्वारा प्रात 8.30 बजे श्रीजवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय परिसर में भी ध्वजारोहण किया जावेगा। नगर पालिका परीषद के द्वारा मंदसौर में अन्य स्थानों पर भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नपा उपाध्य क्ष श्रीमति नम्रता प्रितेश चावला के द्वारा प्रात 7.25 पर संतकबीर वाचनालय विदयाविहार पर ध्वंजा रोहण किया जावेगा। नगरपालिका के सभापितगणो के द्वारा प्रात 7.30 से 8.30 बजे तक ध्व जारोहण किये जावेगे। नगर के गणमान्य नागरिको से आग्रह है कि वे नपा के द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रमो मे शामील होवे।



## ध्वजारोहण होगा

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ जिला संयोजक श्री जुल्फिकार शाह व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला संयोजक श्री शकील खान नूरानी ने बताया कि दिनांक 15 अगस्त गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे भारत माता चौराहा पर ध्वजारोहण किया जाएगा मंदसौर के सभी गणमान्य नागरिकों से राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा अपील की जाती है कि वह इस वह ध्वजारोहण में शामिल होवे।

# दशपुर जागृति संगठन आज करेगा आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नाम का आयोजन

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। देश के महान क्रांतिकारियों के लिए समर्पित देश का प्रथम संगठन दशपुर जागृति संगठन जिला इकाई मंदसौर द्वारा आज 14 अगस्त की संध्या 8 बजे नगर पालिका के समक्ष गांधी चौराहे पर क्रांतिकारियों के समक्ष तीन मशाले के प्रज्वलन के साथ आजादी के महान नायकों एवं देश के सैनिकों को सम्मान देने के साथ सेना में सेवा देकर लोटे 11 सैनिकों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम में संगठन द्वारा पूर्व सूबेदार श्रवण कुमार त्रिपाठी, 1971 वार के विजेता सूबेदार दशरथ सिंह चौहान, 1999 कारगिल वॉर के विजेता पूर्व सूबेदार एलएस चंद्रावत, सेवा निवृत्त रामनारायण मालवी, राष्ट्रीय राइफल पूर्व सैनिक नरेंद्र खटवड़, पूर्व सैनिक दिनेश चौहान, पूर्व सैनिक प्रहलाद राठौड़, पूर्व सैनिक रामनारायण गुर्जर, पूर्व सैनिक विकास सोलंकी, सैनिक राकेश सेठिया, पूर्व सैनिक जीवन शर्मा 11 सैनिकों का सम्मान संगठन द्वारा किया जाएगा। 15 वर्षो र्से राजाराम तंवर अपनी पेंशन से उक्त कार्यक्रम का आयोजित करते आ रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने बताया है इस कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. रविंद्र सोहानी उपस्थित रहेंगे। देशभक्ति की फिजा बिखेरने के लिए नरेंद्र त्रिवेदी की पूरी टीम इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। दशपुर जागृति संगठन नगर के सभी वासियों से निवेदन किया है कार्यक्रम में उपस्थित होकर महान क्रांतिकारियों पर पुष्पांजलि अर्पित करें। यह कार्यक्रम देशभक्तिपूर्ण है। संगठन के सभी सदस्य अपने ड्रेस कोड में रहेंगे। संगठन लगातार प्रयास करता है कि देश में एक नई देशभक्ति का वातावरण बने और यह प्रयास सफलता की ओर अग्रसर है। संगठन द्वारा प्रथम तिरंगा यात्रा 2014 में निकाली गई थी जिसका अनुसरण करते हुए संपूर्ण राष्ट्र में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। संगठन ने शहीद तिरंगा यात्रा पूरे मंदसौर नीमच क्षेत्र में आठ तहसीलों में निकली है यह संगठन का सपना था कि प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराये वह अब पूरा होने जा रहा है। यही प्रयास रंग ला रहे हैं। यह जानकारी संगठन संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा दी गई है।

# निजी कम्पनियों द्वारा आदिवासी किसानों से मनमानी के विरोध में फूटा आक्रोश

मनासा, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। क्षेत्र में निजी कंपनीयों द्वारा आदीवासी किसानो के साथ की जा रही ज्यादतियों और प्रशासन की मनमानी के विरोध में सर्व समाज का आक्रोश फुट पडा। सर्व समाज जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर. सागर कछावा के नेतृत्व में सडको पर उतरा। वही जनपद पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पवन बारिया को ज्ञापन सौपा। वही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी कछावा ने सरकार और प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया कि किसानो एंव 11 मुददो को हल कर जनता के साथ न्याय नही किया तो मैं न्याय दिलाने के लिए आमरन अनशन करूगा। मेरी लडाई तब तक जारी रहेगी जब तक की किसानो को न्याय नही मिल जाएं।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी ने सरकार के साथ ही जिला प्रशासन और कलेक्टर पर कडा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि खिमला ब्लाक में ग्रीन को निजी कंपनी द्वारा प्रोजेक्ट के नाम पर आदीवासी किसानो की जमीने कलेक्टर ने नियम के विपरित कंपनी के पक्ष में आदेश कर उन्हे जमीन से बेदखल कर करने का काम किया। जिस जमीन की किमत 29 लाख रूपए हेक्टेयर थी उसे कंपनी ने सत्ता पक्ष और प्रशासन से मिलकर दबाव बनाकर औने पौने दामो में खरीद ली है। जिन 11 मुददो को लेकर आपके साथ लडाई ष्शुरू की है। यह लडाई छोटी लडाई नही है। आदीवासीयों और किसानो को उनकी जमीन वापस दिलाकर रहूगा। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मंगेश संघई ने कहा कि आदीवासी किसानो और आम जनता से जुडे 11 मुददो को लेकर जो लडाई सागर कछावा ने शुरू की है। उस संघर्ष में वे अकेले नही कांग्रेस भी उनके साथ खडी है। संघई ने कहा कि जनता को जो उम्मीद और अपेक्षा एक जनप्रतिनिधी से होती है उन उम्मीदो पर खरा उतरने का काम कछावा ने किया है। क्षेत्र में जो अन्याय सत्ता पक्ष के क्षय पर प्रशासन कर रहा है वो सुन ले कि वे अत्याचार करना बंद करे। हमनें खिमला ब्लाक के साथ ही हतुनिया, गुगल कुआं के किसानो पर हो रहे अन्याय को लेकर भी लडाई लडी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रशेखर पालीवाल ने कहा कि निजी कंपनीयां सत्ता पक्ष के इशारे पर जो अन्याय और धोखेबाजी कर जमीने हडपने का काम कर रही है। वो बंद करे। विकास के नाम किसानो की जमीने हम छिनने नही देगे।



सर्व समाज ने जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी के साथ जो उपस्थित होकर प्रशासन और निजी कंपनीयों के खिलाफ मोर्चा खोला है उसको कांग्रेस समर्थन देती है। और इसे अंतिम परिणाम तक पहुचाने के लिए सडक से लेकर सदन तक लडेगे। किसान कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश धनगर ने कहा कि किसान बंधु चिंता नही करे उनकी जमीने जिस तरह से छिनी गई है वो नियम के विपरित है। किसानो को न्याय दिलाने के लिए किसान कांग्रेस भी कछावा के आमरन अनशन में साथ खडी है। कुकडेश्वर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश राठौर ,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी मनीष पोरवाल ने भी धरने को संबोधित कर सत्ता के जवाबदारो और प्रशासन को जमकर कौसा और कहा कि भाजपा सरकार में किसान आदीवासी ही नही हर वर्ग दुखी और परेशान है। धरना प्रदर्शन के बाद सर्व समाज रैली के रूप में नारेबजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुचे। जहां पर ज्ञापन का वाचन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी मनीष पोरवाल ने किया। संचालन पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष ओम रावत ने किया और आभार आदीवासी नेता लक्ष्मण खाटकी ने किया।

## 78वें स्वतंत्रता दिवस पर मोहब्बत है वतन से..जागो हिन्दुस्तान..का आयोजन

मनासा, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर मैन ऑफ़ टाइम- अंतर्राष्ट्रीय सदभावना मंच द्वारा मोहब्बत है वतन से..जागो हिन्दुस्तान.. का आयोजन 15 अगस्त शाम 07 बजे अंतर्राष्ट्रीय पटल गूगल मीट पर किया जाएगा। संस्थापक-अध्यक्ष कवि संदीप कपूर वक़्तनाम ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम - वंदेमातरम की भावना के साथ इस देशभक्ति क़ार्यक्रम सेमिनार-कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में प्रबुद्ध साहित्यकार-पत्रकार और समाजसेवी सम्मिलित होंगे। सभी आमंत्रित कवि-कवयित्री, साहित्यकार, पत्रकार, सांस्कृतिककर्मी एवं समाजसेवी बंधुओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर भारत की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए- मोहब्बत है वतन से..और..जागो हिन्दुस्तान..का आयोजन राष्ट्रप्रेम-राष्ट्रधर्म और राष्ट्रीय जागरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## शा.महा.दलौदा में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियो के लिए...

# जनभागीदारी अध्यक्ष धनोतिया ने उच्च शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

दलौदा, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियो के लिए प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण के लिए स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत धनोतिया ने उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर प्रवेश के लिए अतिरिक्त चरण को आरंभ करने की मांग की। दलौदा महाविद्यालय में वर्तमान में 1500 से अधिक विद्यार्थी कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में अध्ययनरत है। प्रवेश प्रभारी डॉ नोंदराम मालवीय द्वारा ध्यानाकर्षण कराया गया कि प्रवेश प्रक्रिया में सभी संकायों में रिक्त सीटों की संख्या पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने से अभी ओर प्रवेश भी हो सकते है। जिस पर जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उच्च शिक्षा मंत्री को अतिरिक्त चरण प्रारंभ करने के लिए पत्र लिखा।



ज्ञातव्य है कि 12 वी में पूरक/अनुतीर्ण एवं रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत उत्तीर्ण विद्यार्थियो का परिणाम अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में घोषित हुआ है। उन विद्यार्थियो के द्वारा भी अनेक बार महाविद्यालय में आकर हेल्प डेस्क पर संपर्क किया गया। ऐसे विद्यार्थी भी प्रवेश से वंचित है। यदि प्रवेश का अतिरिक्त चरण प्रारंभ होता है तो ये सभी विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। वाणिज्य के प्रो ओंकार सिंह रावत द्वारा दी जानकारी के अनुसार प्रवेश संबंधी किसी भी समस्या के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क से संपर्क कर अपनी समस्या का निदान करवा सकते है।

## कलेक्टोरेट सुशासन भवन में होगा ध्वजारोहण

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। डिप्टी कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस ( 15 अगस्त) पर कलेक्टोरेट सुशासन भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।

**स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय भवनों पर 14 एवं 15 अगस्त रात रौशनी करने के दिये निर्देश**–स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश में स्थित सभी मुख्य सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की ईमारतों तथा सभी शासकीय भवनों पर 14 एवं 15 अगस्त की रात में रौशनी करने की व्यवस्था की जाये। राज्य शासन इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों, कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिये है। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने शासन के निर्देश का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

**साफ-सुथरा राष्ट्रीय ध्वज ही फहरायें**–सभी जिलाधिकारी ध्वज संहिता का पालन करें। 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के मौके पर फहराया जाने वाला राष्ट्रीय ध्वज साफ-सुथरा ही हो, कटा-फटा या रंग उड़ा हुआ या अत्यधिक पुराना न हो। जिलाधिकारी राष्ट्रध्वज फहराये जाने के संबंध में ध्वज संहिता का पूर्णरूपेण पालन करें तथा अपने अधीनस्थ संस्थाओं/कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी इस बारे में आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित करें। कलेक्टर श्रीमती अदिति ने सभी जिलाधिकारियों, एस.डी.एम., तहसीलदार, जनपद के सी.ई.ओ. एवं नगर पालिका/परिषदो के सी.एम.ओ. को निर्देश जारी कर दिये हैं।

# नीमच में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण

नीमच, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। नीमच जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शा.बा.उ.मा.वि.क्रं.-2 नीमच के मैदान पर आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) मंगलवार को शा.बा.उ.मा. वि.क्रं.-2 के मैदान पर सम्पन्न् हुआ। एसपी श्री अंकित जायसवाल एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाली परेड के पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया। मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, एसएएफ एवं जिला पुलिस बल पुरुष एवं जिला पुलिस महिला बल, वन विभाग, एनसीसी स्काउट एवं होमगार्ड, जिला पुलिस बैंड एवं सी.आर.पी एफ बैंड की टुकडी भाग लेगी।

मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि 15 अगस्ता 2024 स्वतंत्रता दिवस को प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेगें तथा मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेगें और विभिन्न विभागों के उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिस्तं पत्र प्रदान कर सम्मागनित करेगें। एसपी श्री जायसवाल एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मीी गामड़ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल में भाग लिया और परेड का निरीक्षण किया। रिहर्सल में विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामुहिक पी.टी.प्रदर्शन भी किया तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्तिपूर्ण सास्कृहतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस.सिसौदिया, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## नागर ब्राह्मण समाज द्वारा श्रावण सोमवार पर सामूहिक पर्व मनाया

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। श्रावण मास के पावन अवसर पर मास के चौथे सोमवार पर मंदसौर नागर ब्राह्मण समाज द्वारा अपने इष्ट्देव भगवान हाटकेश्वर का हाटकेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सपरिवार उपस्थित होकर धूमधाम से पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण के साथ अभिषेक सम्पन्न हुआ। अभिषेक आचार्य श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, धीरेन्द्र नागर एवं पुजारी मुकेश नागर द्वारा सम्पन्न करवाया गया। अभिषेक के लाभार्थी वरिष्ठ समाजसेवी प्रभाशंकर श्रीमती मधुबाला मेहता, डॉ. राजेन्द्र श्रीमती अलका नागर, तनय श्रीमती जया नागर बने। भगवान हाटकेश्वर का फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाकर महाआरती की गई जिसमें अभिषेक लाभार्थी के साथ ही धीरेन्द्र नागर, हरीश दवे, बालकृष्ण श्रीमती अर्चना दवे, गोविन्दप्रसाद श्रीमती भगवती देवी नागर, सतीश श्रीमती निर्मला नागर, चन्द्रशेखर श्रीमती मीनल नागर, श्रीमती कलाबेन नागर, श्रीमती खुशबू नागर, मिताली मेहता, सुहानी नागर, सौरभ नागर एवं महावीर कॉलोनी के हाटकेश्वर भक्तों द्वारा महाआरती की जाकर प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी समाज के सचिव सतीश नागर द्वारा दी गई।



## शिवजी की शाही सवारी निकाली

पिपलियामंडी, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। नगर में सावन के चौथे सोमवार को भगवान शिवजी की शाही सवारी निकाली। सहकारी दालमिल के पास स्थित श्री नर्मदेश्वर मंदिर से बैंड-बाजों, ढोल-ढमाकों, ताशों व अखाडों, भूतों की बारात के साथ शिवजी की सवारी निकली। को मुख्य मार्ग होती हुई स्टेशन बालाजी मंदिर पहुंची, जगह-जगह सवारी का पुष्पवर्षा से स्वागत् हुआ। सवारी मुख्य मार्ग होकर पुन: श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। समिति के भरत जोशी, मनीष अग्रवाल, सुधीर जैन, कमलेश जैन, सुनील माली, नरेश जजवानी, मुकेश सोनी, धीरज अग्रवाल, कृष्णकांत भूत, गोविन्द धनोतिया, कैलाश गुप्ता, रुपचंद होतवानी, ओमप्रकाश गेहलोत, राहुल शर्मा, बगदीराम जादव, उमेश चोधरी, सुनील जैन, मनोहर काबरा सहित धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## मप्र सरकार ने बदली व्यवस्था...

# जिले की जरूरत के अनुसार पहले से रिजर्व होगा गेहूं-चावल

भोपाल, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश से केंद्र सरकार को सेंट्रल पूल में दिए जाने वाले गेहूं और चावल की व्यवस्था में राज्य सरकार ने परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। अब पहले जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत आवश्यक खाद्यान्न को आरक्षित किया जाएगा। इसके बाद जो गेहूं और चावल बचेगा, उसे सेंट्रल पूल के लिए भारतीय खाद्य निगम को दिया जाएगा।

**बचेगा परिवहन का खर्चा**–इससे आवश्यकता होने पर दूसरे जिले से खाद्यान्न परिवहन नहीं करना पडेगा, जिससे परिवहन व्यय बचेगा। प्रदेश में एक करोड़ 26 लाख 73 हजार 417 राशन कार्ड और पांच करोड़ से अधिक पीडीएस उपभोक्ता हैं। इन्हें खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत वर्षभर में लगभग तीस लाख मीट्रिक टन गेहूं और चावल वितरित किया जाता है। इस बार 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया गया है। चूंकि, प्रदेश में विकेंद्रीकृत प्रणाली यानी केंद्र सरकार के लिए राज्य की एजेंसी गेहूं और धान खरीदती हैं, इसलिए सेंट्रल पूल में परिदान किया जाता है। यहां से उन राज्यों को गेहूं भेजा जाता है, जहां इसकी आवश्यकता होती है लेकिन इस बार व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रत्येक जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकता का आकलन कराया गया है। जिन जिलों में वर्षभर की आवश्यकता के बराबर या थोड़ा अधिक गेहूं खरीदा गया है, वहां से सेंट्रल पूल में इसे नहीं दिया जाएगा। इससे दूसरे जिले से परिवहन करके गेहूं लाने की स्थिति ही नहीं बनेगी।

**पहले ही हो जाएगा गेहूं का भंडारण**–वर्षभर में उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक गेहूं का भंडार जिले में ही हो जाएगा। साथ ही जिन जिलों में अधिक गेहूं का भंडार है, वहां से परिदान प्राथमिकता के आधार पर होगा। इससे भंडारण में होने वाला व्यय भी बचेगा। प्रतिवर्ष 23 लाख टन से अधिक गेहूं और सात लाख टन से अधिक चावल पीडीएस में लगता है। इसके अतिरिक्त मध्याह्न भोजन योजना और अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावास के लिए गेहूं और चावल लगता है।

## चाइल्ड केयर लिव मामले में वेतन नहीं मिलने पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। गत दिवस जिला अस्पताल में सम्पन्न हुई जिला पंचायत स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान उठा मामला मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग तक पहुंच गया है। मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी ने जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी एस चौहान से जांच कर कार्यवाही प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग की भोपाल में सोमवार को हुई बैठक में अध्यक्ष श्री ममतानी एवं आयोग सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन ने यह निर्देश दिये हैं। बताया गया है कि जिला अस्पताल की स्टॉफ नर्स से चाइल्ड केयर लिव के लिये सिविल सर्जन के अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा 15 हजार रुपये लेने ओर इसके बाद 7 हजार रुपये की ओर मांग की गई। सीएमएचओ के अधीनस्थ अधिकारी द्वारा सात हजार रुपये नहीं देने पर स्टॉफ नर्स महिला की तीन महीने का वेतन तक नहीं दिया जारहा। यही नहीं अधीनस्थ अधिकारी द्वारा नियमानुसार शासन द्वारा प्रदत्त चाइल्ड केयर लिव मंजूरी के लिये भी राशि की मांग की जारही है। इस मामले पर मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए तीन सप्ताह में जवाब तलब किया है।

# श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ 56 भोग और महाआरती का आयोजन, सम्मिलित हुए विधायक जैन

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। **सावन के चतुर्थ सोमवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नरसिंहपुरा सत्यनारायण कॉलोनी स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर 56 भोग और महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रिय विधायक विपिन जैन सम्मलित हुए। मंदिर समिति के सदस्यों ने श्री जैन का दुप्ट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया।**

सोमवार 12 अगस्त को शिव भक्तों की आस्था के केंद्र श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना महाआरती और प्रसादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। विधायक विपिन जैन महादेव जी की पूजा अर्चना की जिसके पश्चात सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि आपके आशीर्वाद से विधायक बनने के बाद पहली बार इस क्षेत्र में आना हुआ है आपने जो मुझे आशीर्वाद दिया है उसके लिए धन्यवाद मैं आपके लिए सदा खडा हूं आप कुछ भी काम हो कभी भी मेरे कार्यालय आ सकते है मुझे फोन लगा सकते है मैं आप सभी के लिए सदैव तैयार हूं आपने मुझे यहां बुलाया उसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद मंदिर के लिए भी कुछ करना हो उसके लिए भी आप मुझे बतायें। इस पर रहवासियों द्वारा टीन शेड की मांग की गई जिसे विधायक जी ने तत्काल हां करते हुए मंदिर में टीन शेड बनवाने के लिए राशि स्वीकृत करने का कहा। जिस पर सभी उपस्थित जनों ने तालियां बजाते हुए विधायक श्री जैन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवायें। इस अवसर पर बडी संख्या में रहवासी उपस्थित थे। अंत में मंदिर समिति ने साबुदाने की खिचडी का वितरण किया और सभी का आभार माना।

## मनासा की बेटी कुमकुम हुई सुपर 100 में सिलेक्ट

मनासा, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। शासन द्वारा जून महीने में जिला स्तर पर सुपर 100 को परीक्षा आयोजित हुई थी। जिसमे जिले के 300 से 400 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसके परिणाम सोमवार को आए। जिसमे नगर के सीएम राइज स्कूल की कक्षा 11 वी की छात्रा कुमकुम दिलीप बोरान का सिलेक्शन हुआ है। कुमकुम नीमच जिले से अकेली सुपर 100 में चयनित हुई है। शासन इस परीक्षा के माध्यम से प्रदेश में 100 प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन करती है। जिन्हे भोपाल इंदौर में शासन पढ़ाई और हास्टल की सुविधा मुफ्त करवाता है। साथ ही जज की तैयारी करवाई जाती है। बता दे की कुमकुम नगर के पत्रकार दिलीप बोराना की बेटी है। और वह एक सामान्य परिवार से है। कुमकुम अब इंदौर में रहकर जज की तैयारी करेगी। सीएम राइज की छात्र कुमकुम की इस उपलब्धि पर प्राचार्य बी एल बसेर, शिक्षक रोहित मांदले, रखी शर्मा, साजिद मंजूरी राहुल भट्ट ने स्कूल में माला पहनाकर सम्मान कर बधाई दी। कुमकुम ने नगर का मान बढ़ाकर नगर को गोरानवित किया है।




दिनांक 07 अगस्त 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे-**
**ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**जन्मकुण्डली में प्रबल शनि..**



✻ जिन जातकों की जन्म कुंडली में शनि ग्रह प्रबल है प्राय: ऐसे लोग न्याय प्रिय होते है, उचित निर्णय लेने में सक्षम होते है, कर्मशीलता एवं संघर्ष प्रिय होते है तथा उचित संघर्ष अनुसार इन्हें सफलता भी मिलती है। ऐसे लोग प्राय: समाज सेवा करते हुए भी देखे जाते है। लेकिन लग्न में शनि होने से जातक का हर कार्य देरी से सम्पन्न होता है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


# देश को देने का भाव जन-जन में जाग्रत हो...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। भारत माता के लाखो वीर सपूतो ने प्राणो की आहुतिया देकर हजार वर्षो र्से जकड़ी गुलामी की बेडियों को काटा था तब कंही जाकर भारतवासियो को पराधीनता से मुक्ति मिली थी। 15 अगस्त 1947 की उस स्वाधीन भोर के पीछे कितना संघर्ष और रक्तरंजित इतिहास छुपा है उसे वर्तमान पीढ़ी भोगना तो दूर कृतज्ञता पूर्वक स्मरण भर कर ले तो मातृभूमि के लिए अपना सबकुछ न्योछावर करने वाले उन असंख्य महापुरुषो को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वाधीनता दिवस के शुभ अवसर पर जन-जन को इतना आत्मचिंतन तो करना ही चाहिए कि उनका समाज व देशहित में कितना योगदान रहा है ? इतिहास केवल गर्व की अनुभूति करने के लिए नही होता सबक लेने के लिए भी होता है क्योंकि जो अपने इतिहास से सीख नही लेते वो भविष्य के निर्माता भी नही बन पाते। अगस्त माह स्वतंत्र भारत के लिए शौर्य, साहस, बलिदान, समर्पण और सेवा का प्रतीक भी है। स्वाधीनता दिवस इसी कर्म पथ के लिए देशवासियो में ऊर्जा व उत्साह का संचार करता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रत्येक भारतीय के दिल मे जो ज्वाला थी वह ज्वालामुखी बनी तब जाकर हम गुलामी के अंधेरे से निकलकर स्वतंत्रता के सूर्योदय को देख पाए। यही ज्वाला आज फिर से देश के दिल में जगनी चाहिए। हमारी देशभक्ति केवल राष्ट्रीय उत्सवो 15 अगस्त व 26 जनवरी तक ही सीमित न रहो। या फिर उस दिन हमारी देशभक्ति जाग जाती हे जब क्रिकेट में भारत पाकिस्तान को हरा देता हे तब तिरंगे व देशभक्ति के नारो के साथ सड़को पर भीड़ आ जाती हे और इसके बाद सब सामान्य हो जाता हे। देश के प्रति भक्ति, निष्ठा और समर्पण 365 ही दिन हमारे दिल में हो और ऐसा तभी होगा जब हमे हमारे राष्ट्रीय कर्तव्य का स्मरण रहेगा। आजादी के इतने वर्षो के बाद भी क्या हमने जैसा भारत सोचा था उसका निर्माण कर पाए है ? देश के प्रत्येक नागरिक का यह लक्ष्य और संकल्प होना चाहिए कि आजादी के शताब्दी वर्ष की और बढते हुवे हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जंहा स्वावलंबी समाज मे हर हाथ को काम और देश के निर्माण में सहयोग की अनुभूति हो, स्वस्थ जीवनशैली, प्रकृति का आदर, स्वार्थ के स्थान पर लोकहित की स्थापना, सबके लिए शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध होंगे। हमे ऐसे भारत का निर्माण करना है जंहा प्रत्येक नागरिक को बराबरी का दर्जा संविधान में नही व्यवहार में हासिल हो और कानून चेहरो के मोहताज न हो जंहा देश का कोई भी व्यक्ति परेशान न हो। जंहा स्वराज के साथ सुराज भी हो। इस बार के राष्ट्रीय उत्सव का उत्साह राष्ट्रभाव के जागरण का निमित्त बने और हम सभी अपने संकल्प की पूर्ति के लिए देश को प्रथम मानकर कार्य करे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की यह पंक्तियां आज भी प्रेरक व प्रासंगिक हे की भारत कोई भूमि का टुकड़ा नही जीता जागता राष्ट्र पुरुष हे, ये वंदन की धरती हे, अभिनंदन की धरती हे, यह अर्पण की भूमि हे, यह तर्पण की भूमि हे इसकी नदी नदी हमारे लिए गंगा हे, इसका कंकर कंकर हमारे लिए शंकर हे हम जिएंगे तो इस भारत के लिए और मरेंगे तो इस भारत के लिए और मरने के बाद भी गंगा जल में बहती हुई हमारी अस्थियों से कोई कान लगाकर सुनेगा तो एक ही आवाज आएगी भारत माता की जय। हमे देश के लिए मरने का सौभाग्य न मिला हो किंतु देश के लिए जीने का अवसर तो मिला हे। देश ही हमे सबकुछ देता है इसलिए हम भी देश को कुछ देना सीखे। हमारा एक ही धर्म हो भारत और एक ही जाति हो भारतीयता। भारत को ही अपना भगवान मानकर आओ हम सब इसकी भक्ति में डूब जाएं और यह संकल्प ले की अब एक ही धुन। जय जय भारत...।



–गौरव सोनी, मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 14 | 2469 | 2594 |
| उडद | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 6000 | 3450 | 4399 |
| गैहु | 4100 | 2550 | 3240 |
| चना | 246 | 4700 | 7198 |
| मसुर | 175 | 5000 | 5999 |
| धनिया | 240 | 4700 | 6200 |
| लहसुन | 12100 | 8500 | 24100 |
| मैथी | 740 | 4600 | 5556 |
| अलसी | 1190 | 5200 | 5831 |
| सरसो | 408 | 4701 | 5291 |
| तारामीरा | 6 | 4250 | 4353 |
| इसबगोल | 83 | 9600 | 12500 |
| प्याज | 1800 | 1400 | 3600 |
| कलोंजी | 10 | 13500 | 17100 |
| डॉलर | 44 | 7900 | 12900 |
| तिल्ली | 172 | 9500 | 12160 |
| मटरसुखी | 6 | 4001 | 7000 |
| असालीया | 15 | 9101 | 10650 |





# हाथों में तिरंगा थामकर शान से निकली शिवना तिरंगा यात्रा

**शहरवासियों को दिया घर घर तिरंगा फहराने का संदेश, तिरंगामय पैदल रैली देखकर शहरवासी हुए देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत**

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को दोपहर 2 बजे नूतन स्टेडियम से सुश्री अल्पना गांधी ने हरी झंडी दिखाकर विशाल शिवना तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने नूतन स्टेडियम में ध्वजारोहण किया तथा ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का गायन हुवा। तिरंगा यात्रा नूतन स्टेडियम से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, गोल चौराहा, लक्कड पीठा, महाराणा प्रताप बस स्टेंड से होकर नूतन स्टेडियम तक पहुँची। यात्रा में स्केटिंग खिलाडियों ने भी सहभागिता की, जो की आकर्षण का केंद्र बनी। तिरंगा यात्रा का समापन नूतन स्टेडियम में किया गया।

हाथों में तिरंगा थामकर शहर के मुख्य मार्गों से शान के साथ विशाल शिवना तिरंगा यात्रा निकली। भारतीय आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा से सराबोर रैली को देखकर शहरवासी देशभक्ति के जज्बे से ओत-प्रोत हो गए। शहर के मुख्य मार्गों से निकली, तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने करतल ध्वनि से स्वागत व उत्साहवर्धन किया। यात्रा में सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को लोगों ने अलग- अलग स्थानों पर पानी की बोटल व ज्यूस प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित जन अभियान परिषद, एनसीसी, स्काउट- गाइड, खिलाडियों, सामाजिक संस्थाओं एवं विद्यार्थियों ने पैदल यात्रा में सहभागिता की।

**वीर सपूतों के प्रति सम्मान की भावना रखने की दिलाई शपथ–** कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने यात्रा के शुभारंभ पर सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को तिरंगा फहराने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति सम्मान की भावना रखकर देश की प्रगति में योगदान देने की शपथ दिलाई। 'मैं शपथ लेती हूँ कि मैं तिरंगा फहराउंगी, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करूंगी, और भारत के विकास और प्रगति के प्रति स्वयं को समर्पित करूंगी।' कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि, महिलाओं का समाज के प्रति योगदान किसी देश सेवा से कम नहीं। यह तिरंगा रैली खुशी का एक प्रतीक है। इस यात्रा के लिए 2500 महिलाओं ने पंजीयन करवाया एवं यात्रा में पंजीयन की तुलना में 5 गुना अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।



पुलिस विभाग ने भी तिरंगा वाहन रैली निकाली।

# स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल हुई



**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीडा परिसर में 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे से जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसके लिये कई दिनों से चल रही परेड की आज सुबह 9 बजे से कॉलेज ग्राउण्ड में फाइनल रिर्हसल हुई। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौतम सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने संयुक्त रूप से इस फाइनल रिर्हसल का अवलोकन किया।

प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, उसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रात: 9:10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया। प्रात: 9:20 बजे मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के संदेश का वाचन किया। प्रात: 9:50 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर, मार्च फास्ट किया। सबसे पहले विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, सीनियर एनसीसी डिवीजन पुरुष, सीनियर एनसीसी डिवीजन महिला, जूनियर डिवीजन बॉय सेंट थॉमस, जूनियर डिवीजन गर्ल्स उत्कृष्ट विद्यालय, जूनियर डिवीजन बॉय उत्कृष्ट विद्यालय, जूनियर डिवीजन हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2, उत्कृष्ट विद्यालय स्काउट गाइड, महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय गाइड, जूनियर रेड क्रॉस, शा. गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल बालागंज, सीएम राईस स्कूल गर्ल्स शौर्यदल प्लाटून का प्रदर्शन देखा गया। प्लाटून प्रदर्शन के बाद प्रात: 10.10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रात: 10:30 बजे पुरुस्कार वितरण किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ जे.के. जैन द्वारा किया। इस मौके पर अन्य जिलाधिकारी व पत्रकार मौजूद थे।

## आज तिरंगा यात्रा से शहर होगा तिरंगामय

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वतंत्रता दिवस कि पूर्व संध्या पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी। तिरंगा यात्रा को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार बैठकें आयोजित कर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रप्रेमियों को तिरंगा यात्रा में परिवार सहित भाग लेने कि अपील की जा रही थी। तिरंगा यात्रा को लेकर अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति ने मंगलवार को 3:30 बजे प्रशासन के साथ रूट का निरीक्षण किया। प्रशासनिक स्तर पर भी सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

**प्रभारी ने कि नागरिकों से अपील–** अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति के प्रभारी गौरव अग्रवाल ने तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने के लिए नागरिकों से अपील की है। सम्माननीय मंदसौर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के वरिष्ठजनों, माताओं - बहनों एवं युवाओं से विनम्र अपील है कि 14 अगस्त दोपहर 2 बजे आजाद चौक मंदसौर से प्रारंभ होगी जो पशुपतिनाथ रोड, खानपुरा, गणपति चौक, शुक्लाचौक, नयापुरा रोड, महाराणा प्रताप चौराहा, श्रीकोल्ड चौराहा, संजीत रोड, रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, ओमप्रकाश पुरोहित मार्ग, बंटी चौराहा, गुप्ता चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड होते हुए भारत माता चौराहे पर भारतमाता की आरती के पश्चात समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी जो मुख्य मार्गों से होती हुई भारत माता चौराहा पहुंचेगी। भारत माता कि आरती के बाद तिरंगा यात्रा का समापन होगा। इस तिरंगा यात्रा में आप अपने परिवार सहित सम्मिलित होकर तिरंगा यात्रा को भव्य बनाएं। यह तिरंगा यात्रा अपनी आन बान शान तिरंगे एवं सैनिकों के सम्मान में प्रति वर्ष निकाली जाती है। पुन: आपसे विनम्र अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर तिरंगा यात्रा को भव्य बनाएं।

# भाजपा की सरकार में यही होना है, हिन्दू त्यौहारों पर ही कानून का पाठ क्यों–कुमावत



**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को नगर के आराध्य देव भगवान पशुपतिनाथ महादेव की शाही पालकी निकली भगवान पशुपतिनाथ हमारी आस्था के केन्द्र है और उनके ही कार्यक्रम में भाजपा राज में राजनीति हो गई। पालकी का डीजे रोकना और उसको थाने में खडा करना हिन्दूओं की धार्मिक भावना पर कुठाराघात है और यह सब भाजपा सरकार में ही संभव में है।

उक्त बात कहते हुए जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत ने कहा कि कानून का पाठ पढाने के लिए भाजपा सरकार में प्रशासन को हिन्दूओं के त्यौहार ही नजर आते है। भगवान पशुपतिनाथ की शाही पालकी का डीजे जब्त करने का दुस्साहस भाजपा राज में ही अधिकारी कर सकते है। लेकिन इसकी सजा भगवान इन्हें जरूर देगा। श्री कुमावत ने बताया कि दो वर्ष पूर्व भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी को मुख्यमंत्री के इंतजार में रोके रखा और सवारी को निकालने में देरी की जिससे पूरी सवारी का माहौल बिगड गया था आज उसका परिणाम सब जानते है। श्री कुमावत ने कहा कि सिर्फ चुनावों के समय भाजपा को हिन्दुओं की याद आती है आज यदि कांग्रेस की सरकार होती तो ऐसा कदापि नहीं होता पर भाजपा जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं की आपसी फूट और लडाई की वजह से इस प्रकार का कृत्य करने का साहस हो पाया है। भाजपा राज में यह सब संभव है। श्री कुमावत ने सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि आगामी शाही सवारी में इस प्रकार का कृत्य नहीं होना चाहिए यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेंगी।

# दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर स्टार द्वारा श्री दलौदा पब्लिक स्कूल, दलोदा में आयोजित दो दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप के दूसरे दिन गुजरात के प्रशिक्षक श्री योगेश पोटा द्वारा कुल 7 संकुल से 30 शासकीय स्कूल से 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन प्रशिक्षण के उपरांत समापन समारोह का आयोजन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लॉयन्स क्लब के श्री निशांत जैन, सेकंड वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। श्री निशांत जैन द्वारा बताया गया कि लॉयन्स क्लब सामाजिक सेवाओं के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अनेक प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन कर रहा है। श्री निशांत जैन ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण एक मजबूत शैक्षिक नींव की आधारशिला है, जो शिक्षकों को आवश्यक कौशल और ज्ञान के माध्यम से मार्गदर्शन करता है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत लायंस क्लब मंदसौर स्टार की अध्यक्ष सोनाली जैन ने माला व गुलदस्ता देकर किया गया। मुख्य अतिथि श्री निशांत जैन, अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन द्वारा प्रशिक्षण ले रहे शिक्षक साथियो को ट्रैनिंग सर्टिफिकेट प्रदान किये एवं विद्यालय प्राचार्या श्रीमती रत्नप्रभा राणावत, लॉयन श्रीमती कविता मिंडा एवं प्रमिला पंवार को कार्यशाला आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए सम्मानित किया। श्रीमती सोनाली जैन ने मुख्य अतिथि श्री निशांत जैन एवं प्रशिक्षक श्री योगेश पोटा को प्रतीक चिन्ह भेंट किये।

इस अवसर पर लाइन्स क्लब मंदसौर स्टार के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत उपस्थित अतिथियों, प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों एवं अन्य सदस्यो को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित किया। इस अवसर पर ज़ोन चेयरमैन पुष्पा चेलावत, डायनामिक की अध्यक्ष चित्त्रा मंडलोई, गोल्ड के अध्यक्ष सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, लायंस क्लब मंदसौर स्टार की अध्यक्ष सोनाली जैन, सचिव रुचि कलरा, कोषाध्यक्ष शिखा कोठारी, पूर्व अध्यक्ष सोनिया नाहर, क्लब की संस्थापक अध्यक्ष कविता मिंडा, क्लब मेंबर मे अंतिम पोरवाल, वंदना जैन, अंजू पोरवाल, अंजलि शाह, हिमशिखा, प्रमिला पंवार व अन्य लायन साथी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लायंस क्लब मंदसौर स्टार कि संस्थापक अध्यक्ष कविता मिन्डा ने किया आभार रुचि कालरा ने माना।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान आयुष्मान के हितग्राहियों से संवाद किया

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** साप्ताहिक जनसुनवाई कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने लोगों की समस्या को सुना तथा मौके पर निराकरण किया। इस दौरान कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड योजना के हितग्राहियों से संवाद किया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो सका है, उनका त्वरित समय सीमा के अंदर समाधान करें। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्थाओं व्दारा गांव –गांव में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा गांव-गांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। साथी ही घर-घर तिरंगा लगाने का कार्य भी अंतिम चरणों में चल रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की तृप्ति बैरागी ने बताया कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाओ के साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। 13 अगस्त मंगलवार को मंदसौर में निकाली गई शिवना तिरंगा यात्रा में भी मंदसौर जिले की अधिकांश नवांकुर एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने सहभागिता की। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की महिला पदाधिकारी ने भी अवसर पर तिरंगा रैली में पैदल चलकर सहयोग कियाश्र तिरंगा रैली में कलेक्टर गर्ग सहित जिले के पदाधिकारी अधिकारी कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा में महिलाओं की विशेष सहभागिता रही।



## आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**मंदसौर, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आजादी का उत्सव मनाने और देश के शहीदों व सैनिकों के सम्मान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति मंदसौर द्वारा 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकलेगी। इस हेतु सारी तैंयारी पूर्ण कर ली गई है। तिरंगा यात्रा दोपहर 2 बजे आजाद चौक घंटाघर से प्रारंभ होगी जो पशुपतिनाथ रोड़, खानपुरा, गणपति चौक, शुक्लाचौक, नयापुरा रोड़, महाराणा प्रताप चौराहा, श्रीकोल्ड चौराहा, संजीत रोड़, रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, ओमप्रकाश पुरोहित मार्ग, बंटी चौराहा, गुप्ता चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड होते हुए भारत माता चौराहे पर भारतमाता की आरती के पश्चात समाप्त होगी। आयोजन समिति के प्रमुख गौरव अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्र के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और निष्ठा से देश के हर व्यक्ति को जोड़ने के लक्ष्य को लेकर प्रतिवर्ष यह तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। अग्रवाल सहित समिति के सभी सदस्यों ने समाज के सभी वर्गों से इस तिरंगा यात्रा में बढ चढकर परिवार सहित सम्मिलित होकर यात्रा को भव्य बनाने का आह्वान किया है।

# एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प, खुलकर हुआ लाठियों का इस्तेमाल

**नई दिल्ली, 13 अगस्त।** लद्दाख के दुरबुक सेक्टर में भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच झड़प हुई है। दुरबुक सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास बुर्तसे इलाके में सोमवार सुबह भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प की खबर मिली है।

सूत्रों ने बताया कि सुबह चार बजे हुए टकराव के दौरान दोनों पक्षों की ओर से खुलकर लाठियों का इस्तेमाल किया गया। हालांकि इस झड़प में किसी भी जवान के घायल होने की खबर नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक चीन की सेना वहां पर मौजूद झोपड़ियों को जला दिया। इसके बाद भारत और चीन के झड्अ सैनिकों के बीच आमना-सामना हुआ। चीनी सेना ने भारतीय हिस्से में दो ठ्उउ झोपड़ियों को जला दिया। जिसके बाद ये झड़प हुई। सूत्रों ने बताया कि जिस इलाके में टकराव हुआ, वह 81 इंफैंट्री ब्रिगेड के अंतर्गत आता है। मामूली झड़पें एलएसी पिलर पॉइंट 12 के पास उस समय हुई, जब इलाके से बख्तरबंद बटालियन को हटाया जा रहा था। जून 2020 से भारत और चीन की सेनाओं के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है, जब दोनों पक्षों के सैनिक गलवान घाटी में एक शारीरिक टकराव में उलझे हुए थे। इस झड़प में एक कर्नल समेत 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। चीन के कई सैनिक मारे गए थे। इस झड़प के बाद भारत और चीन के बीच कम से कम 20 दौर की सैन्य वार्ता हुई हैं, लेकिन अभी भी सीमा पर तनाव बरकरार है।

## शारदा स्कूल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पिपलियामंडी, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शारदा पब्लिक हासे स्कूल पिपलिया ने तिरंगा यात्रा निकाली। हर घर तिरंगा, हर हाथ तिरंगा के उद्देश्य को लेकर शासन के निर्देशानुसार आमजन में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए शारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों, स्टाफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लिए हुए, देशभक्ति के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: स्कूल प्रांगण पहुंची जहां संस्था प्राचार्य ओमप्रकाश गेहलोत ने बच्चों को राष्ट्रभक्ति और देश प्रेम तथा तिरंगे के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया।

## निकाली तिरंगा यात्रा

**पिपलियामंडी, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत दौरवाड़ा व विद्यालय के संयुक्त तत्त्ववधान सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के छात्र छात्राओं, जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। सरपंच लालसिंह चौहान, उप सरपंच मुरारीलाल, सचिव मोहनलाल राठौर, सहा. सचिव बनवारीलाल व्यास, एफसी चौहान, शिक्षक दिलीपसिंह चौहान, गोपाल मोटी, भारतसिंह चौहान, कमलसिंह चौहान, शेरसिंह चौहान, नरेंद्र मालवीय, नरेन्द्रसिंह, भगतसिंह, उम्मेदलाल, महेंद्रसिंह सहित छात्र छात्राए, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शासन की योजनाओं का सफल क्रियान्व्यन एवं सुशासन प्राथमिकता रहेगी– चंद्रा

**नीमच, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.शासन व्दारा संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन एवं सुशासन को प्राथमिकता दी जावेगी। सभी के सहयोग एवं समन्वय से सुशासन की दिशा में सार्थक प्रयास किए जावेंगे। पूर्व से संचालित कार्यो, को आगे बढाने का काम किया जावेगा। जनसमस्याओं के सकारात्मक निराकरण को प्राथमिकता दी जावेगी। यह बात नवागत कलेक्टर श्री हिमान्शु चंद्रा ने मंगलवार को नीमच में कार्यभार गृहण करने के बाद अपनी प्रथम पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वयं अपना परिचय दिया और उपस्थित पत्रकारगणो, मीडियाकर्मियों से भी परिचय प्राप्त किया।



# कलेक्टर हिमान्शु चंद्रा ने नीमच में पदभार संभाला

**नीमच, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नवागत कलेक्टर श्री हिमान्शु चंद्रा ने मंगलवार 13 अगस्तउ 2024 को नीमच जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के पद का पदभार संभाल लिया है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने उन्हें पदभार सौंपा। ज्ञातव्य हो कि, शासन द्वारा नीमच में पदस्थ कलेक्टर श्री दिनेश जैन का स्थानांतरण पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल कर दिया गया है। नवागत कलेक्टर श्री हिमान्शु चंद्रा इसके पहले भोपाल जिले के अपर कलेक्टर के पद का दायित्व संभाल चुके हैं। शासन द्वारा उन्हें नीमच जिला कलेक्टर का दायित्व सौंपा गया है। वर्ष 2015 बेच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री चन्द्रा जिला पंचायत सीईओ व अपर कलेक्टर इंदौर, जिला पंचायत सीईओ छतरपुर, एसडीएम सोंसर, छिंदवाडा, ईटारसी, होशंगाबाद सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके है। इसके पहले कलेक्टोरेट नीमच पहुचने पर एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, डिप्टीड कलेक्टर श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्री चंद्रसिह धार्वे, श्री संजीव साहू, सुश्री किरण आंजना, एसडीएम श्री राजेश शाह, डॉ.ममता खेडे एवं श्री पवन बारिया तथा जिला कोषालय अधिकारी श्री बृजमोहन सुरावत ने नवागत कलेक्टर श्री चंद्रा को पुष्पागुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## जन शिकायतों का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए–कलेक्टर

**नीमच, 13 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जनशिकायतों का सकारात्मक सोच के साथ निराकरण किया जाए। कार्यो में पारदर्शिता बरती जाए। सभी अधिकारी अपनी कार्य क्षमता के अनुसार दायित्वों का निवर्हन करें। जरूरतमंद आवेदकों की सकारात्मक सोच के साथ मदद करने का प्रयास करें। यह बात कलेक्टर श्री हिमान्शु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला अधिकारियों की परिचायत्मक प्रथम बैठक को सम्बोंधित करते हुए कही। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा कि जिला अधिकारी स्वयं समय पर कार्यालय आए और निर्धारित समय तक कार्यालय में उपस्थित रहकर, अपने दायित्वों का निवर्हन करे। साथ ही अपने अधिनस्थ अधिकारी कर्मचारियों की निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाईन एवं टी.एल. के पत्रों का निराकरण समय-सीमा में करें। टी.एल. के पत्रों का निराकरण यथासंभव आगामी टी.एल. के पूर्व हो जाए। सीएम हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का निराकरण भी तत्काल सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से परिचय भी प्राप्त किया।


**✻ उठावना ✻**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि, दिनेश, महेश (पतंग वाले) विजय और गोपाल शर्मा (संचालक, मधुर मिलन गार्डन) की पूज्य माताजी एवं स्व. प्रवीण शर्मा ( बब्बू ), नितिन, यश, गौरव, प्रीत एवं रुद्राक्ष की दादीजी श्रीमति शकुंतला देवी जी पति स्व. श्री प्रेम प्रकाश जी शर्मा का देहावसान 12 अगस्त सोमवार को हो गया है। जिनका उठावना 14 अगस्त बुधवार को सुबह 11 बजे नरसिंहपुरा स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन में रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

शर्मा परिवार, गणपति चौक

**✻ उठावना ✻**

स्व. डॉ. घीसालाल यति की पत्नी, नरेन्द्रकुमार, स्व. डॉ. राजेश कुमार की माताजी, रवि और अक्षय यति की दादी, डॉ. अश्विन यति की नानी श्रीमती छेलकुंवरबाई यति का निधन 12 अगस्त को हो गया है। उठावना 14 अगस्त को प्रात: 11 बजे, जगदीश वाटिका अजय टॉकीज रोड पिपलियामंडी पर रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

समस्त यति परिवार, पिपलिया



**भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, एडवोकेट**

कार्यालय-घटावदा हाउस नयापुरा रोड मंदसौर, मो.-91-8224049381

**✻✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 76 (पूराने भवन क्रमांक 64/8) वार्ड नं. 35 नरसिंहपुरा नयागांव मंदसौर तहसील व जिला मंदसौर में स्थित होकर इसका कुल क्षेत्रफल 500 वर्गफीट है। यह संपत्ति श्री शोभाराम पिता परमानंद कुमावत के मालकी की होकर इनके द्वारा श्री भेरूलाल पिता खुदचंद कुमावत से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक अ- 1/3839 दिनांक 20.01.1989 को क्रय की गई, तथा में नगरपालिका मंदसौर में इनके नाम पर नामांतरण होकर इनके एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्य की है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रास्ता तथा दक्षिण में दुर्गामल का मकान है। यदि उक्त संपत्ति किसी भी संस्था शासकीय या अशासकीय विभाग, बैंक या अन्य किसी संस्था या किसी व्यक्ति के पास किसी लेख के द्वारा रहन, बय, बख्शीष, कुर्की जमानत आदि में बंधक हो या कोई पारिवारिक विवाद हो या न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी की भी किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर मेरी पक्षकार संस्था इंडसइंड बैंक लिमिटेड द्वारा इस पर ऋण स्वीकृत किया जावेगा। सो सूचित हो।

दिनांक 13.08.2024

भवदीय
एडवोकेट भानुप्रताप सिंह सिसोदिया
मो.-91-8224049381



**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 59/2024 दिनांक 13.08.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा बंशीलाल पिता मांगीलाल जी, जाति-गुर्जर, निवासी-ग्राम-पालडी, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान क्रमांक 340, वार्ड न. 05, पता-ग्राम-पालडी, पटवारी हल्का न. 00116, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्य: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. एम249392024ए11017997, दिनांक 12.08.2024 से मेरे पक्षकार कारीबाई पति बंशीलाल जी, जाति-गुर्जर, निवासी-ग्राम-पालडी, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-पूर्व में-नरभेराम व भंवरलाल का मकान, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-कचरूलाल का मकान, दक्षिण में-लालचन्द का मकान, पैमाईश-रकबा 1375 वर्ग फीट या 127.74 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in